हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार,9 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 12.9 डिग्री
न्यूनतम 8.4 डिग्री

12 राशन डिपो धारकों ने भी सरकार के खिलाफ बजाया विरोध का ...



12 एनएसएस शिविर के आखिरी दिन छात्रों ने...



## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय किसान-मजदूर सम्मेलन 16 को जालंधर में

**कुरुक्षेत्र।** संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से 16 जनवरी को पंजाब के जालंधर शहर में राष्ट्रीय किसान-मजदूर सम्मेलन किया जायेगा। आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन, संयुक्त किसान मोर्चा का एक घटक होने के नाते इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेगा। यह जानकारी आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष कामरेड राजकुमार सारसा ने दी।

### विवाहिता को शादी का झांसा देकर किया अगवा

**यमुनानगर।** छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव से युवक शादी का झांसा देकर विवाहिता को अगवा करके ले गया। छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को इस संबंध में शिकायत दी है।

### हाकी टीम की कप्तान बनी याशिका

**पानीपत।** 67वीं स्कूल नेशनल गेम्स में आर्य गर्ल्स पब्लिक स्कूल की पांच छात्राएं खेल रही हैं। हरियाणा की स्कूल हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व कर रही आर्य गर्ल्स स्कूल की छात्राओं के इस मुकाम को हासिल करने पर स्कूल की प्रबंधक समिति के प्रबंधक अरुण आर्य, उप प्रधान कमल किशोर शिंगला, प्रिंसिपल मिनाक्षी अरोड़ा व कोच धर्मेंद्र सिंह ने उन्हें बधाई दी है। आर्य गर्ल्स पब्लिक स्कूल की याशिका को हरियाणा टीम का कप्तान बनने का गौरव प्राप्त हुआ है।

### चोरी मामले में पुलिस ने कबाड़ी वाले को पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने सींक गांव स्थित बंद हैचरी से चोरी हुई लाखों रुपए कीमत की एग्जॉस्ट की मोटर खरीदने वाले कबाड़ी साबी निवासी कच्चा कावड़ी फाटक क्षेत्र की इंद्रा कालोनी को गिरफ्तार किया। चोरी की वारदात बारे थाना मतलौडा में भोपाल पुत्र करबमान निवासी सींक की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है।

# शीत लहर व धुंध से आमजन बेहाल

## मौसम में ये परिवर्तन पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी के कारण आया

हरिभूमि न्यूज >> कुरुक्षेत्र

ठंड और शीत लहर ने लोगों को बेहाल किया हुआ है। सोमवार को अधिकतम व न्यूनतम तापमान में गिरावट देखने को मिली है। अधिकतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, वहीं न्यूनतम तापमान गिरावट के साथ 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ठंड अच्छी पड़ रही है। ऐसे में कृषि एवं कल्याण विभाग के अधिकारियों का मानना है कि यह ठंड गेहूं के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। ठंड से गेहूं को अच्छी ग्रोथ मिलेगी। लेकिन ठंड गिरे और लंबे समय तक चले यह भी देखने वाली बात है। यदि ऐसा होता है तो गेहूं का बंपर उत्पादन होगा। ऐसा कई बार देखने को मिला है जब भी ठंड लंबी चली है, गेहूं का उत्पादन भी बढ़ा है। वहीं सब्जियों विशेषकर आलू व टमाटर की फसल के लिए यह मौसम नुकसानदायक होता है। किसानों को समय-समय पर हल्की सिचाई करनी चाहिए। रविवार को मध्यरात्रि से ही घना कोहरा छा गया था, जिसकी दृश्यता 30 मीटर से कम रह गई थी। जिसके कारण रात को यातायात प्रभावित हो गया है। लंबी दूरी के वाहनों को रास्ते में ही होटलों, ढाबों पर ठहरना पड़ गया। कोहरे की यहीं स्थिति लगातार सुबह 10 बजे तक भी बनी रही। इसके बाद भले ही दृष्यता तो बढ़ी, जिससे यातायात सामान्य हुआ, लेकिन दिनभर धुंध जैसी स्थिति बनी रही, जिसके कारण सूर्य की किरणें धरती तक नहीं पहुंच सकीं। मौसम में ये परिवर्तन पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी के कारण आया है। शाम के बाद कोहरा और गहरा गया। शीत लहर भी शुरू हो गई। जिसका असर यातायात संसाधनों के साथ-साथ बाजारों पर भी दिखा। व्यापारियों के अनुसार दिनभर कड़ाके की सर्दी पड़ने के कारण लोग घरों से कम निकले। दूर दराज ग्रामीण अंचलों से भी लोगों ने शहरी बाजारों का रुख नहीं किया। ठिठुरन के कारण दुपहिया वाहन चलाने को भी परेशानी का सामना करना पड़ा, जिसके कारण नियमित ग्राहक भी कम ही बाजार पहुंचे, जिसके कारण दिनभर सन्नाटे जैसी स्थिति बनी रही। कोहरे के कारण सुबह बाजार देर से खुले और शाम को समय से पहले ही बंद हो गए।

- लंबी दूरी के वाहनों को रास्ते में ही होटलों, ढाबों पर ठहरना पड़ा



कुरुक्षेत्र। आसमान में छाई धुंध। फोटो : हरिभूमि

## ठंड में सोए बेसहारा लोगों को वितरित किए गए कंबल

**कुरुक्षेत्र।** कड़कड़ाती ठंड में ब्रह्मसरोवर के आसपास सोए हुए लोगों को लोगों को दा रॉयल्स ग्रुप द्वारा कंबल वितरित किए गए। दा रॉयल ग्रुप के सदस्य देर रात्रि को अपने वाहन में कंबल लेकर निकले और जो बेसहारा, असहाय लोग खुले में सोए हुए थे उन पर कंबल उड़ा दिए और कुछ लोग कड़कड़ाती सर्दी में ठिठुर हुए, बैठे थे उन्हें भी कंबल वितरित किए। दा रॉयल ग्रुप के सदस्यों ने बताया कि वह प्रतिवर्ष सर्दी के मौसम में रात्रि को निकलते हैं और जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित करते हैं। दा रॉयल ग्रुप के सदस्यों का मानना है कि मानव सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है और असली सेवा वही है कि जरूरतमंद तक उसकी जरूरत का सामान पहुंचे उनका कहना है कि जब रात्रि को नगर की अनेक सड़कों पर और ब्रह्मसरोवर के किनारे बेसहारा लोग मिलते हैं जो की ठंड में सोए हुए होते हैं ऐसे जरूरतमंद लोगों को कंबल देना ही वास्तविक मानव सेवा है। संस्था के सदस्यों ने ब्रह्मसरोवर के आस-पास के अलावा दुख भंजन मंदिर कॉलोनी, सेक्टर 17 तथा रेलवे रोड पर भी जरूरतमंद को कंबल दिए गए। मौके पर संस्था के सदस्य उमेश चोपड़ा, मोहित कुमार, मनीष राय कमल, सुमित गोस्वामी, राहुल सैनी, कुलदीप यादव, कपिल गुलाटी, भूपेंद्र सिंह, श्याम शर्मा, केशव चौहान, इरफान खान व अन्य मौजूद रहे।

- मानव सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं





रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की इंतजार करते यात्री।

## सोमवार को भी दिन भर बना रहा कोल्ड डे

यमुनानगर( नव वर्ष 2024 के आठ दिन बीतने के बाद भी जिले में सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए हैं। सोमवार को भी दिन भर आसमान में धुंध के घने बादल छाए रहे और सुबह घना कोहरा छाए रहने व दिन भर शीतलहर चलने से लोग ठंड में कांपते रहे। दिन भर कोल्ड डे बना रहा। जिसकी वजह से जिले का तापमान गिरकर अधिकतम 15 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम पांच डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। जिससे लोग घरों में दुबकने पर मजबूर हो गए। सोमवार को नव वर्ष-2024 के आठवें दिन भी शीतलहर चलने व घना कोहरा छाए रहने से दोपहर तक सड़कों पर यातायात प्रभावित रहा। वहीं, आसमान में धुंध के बादल छाए रहने व शीत लहर चलने से मौसम में कड़ाके की ठंड बनी रही। ठंड के कारण दिन भर बाजारों की रौनक भी गायब रही। वहीं, जिले में सुबह के वक्त घना कोहरा छाए रहने से कई ट्रेनें अपने निर्धारित समय से एक से दो घंटे देरी से पहुंची। इसी तरह लंबी दूरी की बसें भी अपने गंतव्य पर देरी से पहुंची। जिससे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा

### अस्थमा पीड़ित बुजुर्गों के खानपान का रखें ख्याल

अस्थमा रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्मल सिंह का कहना है कि सर्दी बढ़ने से बुजुर्गों को सांस लेने में दिक्कत, छाती इन्फेक्शन, एलर्जी की समस्याएं आती हैं। इसके अलावा जोड़ों का दर्द भी महसूस होता है। इसलिए उन्हें अलाव का सहारा लेना चाहिए और ज्यादातर समय राजाई में व्यतीत करना चाहिए।

## पानीपत ट्रैफिक पुलिस ने अतिक्रमण हटवाया

पानीपत। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत की अगुवाई में पानीपत शहर को जाम मुक्त करने की दिशा में अतिक्रमण के खिलाफ चलाए अभियान के तहत सोमवार को ट्रैफिक पुलिस टीम ने किशनपुरा चौकी क्षेत्र के अंतर्गत गोहाना मोड़ से संजय चौक व सजंय चौक से जाटाल रोड पर फ्लाई ओवर पुल तक अतिक्रमण हटवाकर सर्विस लेन व फुटपाथ को खाली करवाया। शहर यातायात वेस्ट जोन इंचार्ज सब इंस्पेक्टर रणबीर व किशनपुरा चौकी इंचार्ज एएसआई प्रमोद ने दुकानों के बाहर अवैध तरिके से अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को विशेष रूप से हिदायत देकर फुटपाथ पर रखे सामान व खड़े वाहनों को हटवाया गया। इस दौरान फुटपाथ व सर्विस लेन पर अनाधिकृत रूप से बेतरतीब तरीके से खड़े 186 वाहनों के चालान भी किये गए व अतिक्रमण कर रखे फ्लेक्स बोर्ड इत्यादि सामान को जब्त किया गया। यातायात उप पुलिस अधीक्षक सुरेश सैनी ने बताया कि उक्त दोनों रोड पर दुकानदार अपनी दुकानों के बाहर काफी दुर तक फुटपाथ पर सामान रखकर व रेहड़ी वाले सड़क पर रेहड़ी लगाकर अतिक्रमण करते।

- पुलिस ने 186 लापरवाह चालकों के वाहनों के चालान किए



पानीपत ट्रैफिक पुलिस जाटल रोड पर अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई करते हुए।

## पटवारी और कानूनगो की हड़ताल से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज >> कुरुक्षेत्र

जिले में पटवारियों और कानूनगो की हड़ताल सोमवार को भी जारी रही। वेतन विसंगतियों को दूर करने के लिए कर्मियों ने पटवार भवन में धरना देकर आवाज बुलंद की। साथ ही मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने का एलान किया। पटवारी एवं कानूनगो एसोसिएशन के प्रधान डा. साहब सिंह सैनी व महासचिव भूपेंद्र ने बताया कि हड़ताल को 10 जनवरी तक के लिए बढ़ा दिया गया है। ऐसे में अब बुधवार तक जिला के सभी तहसीलों के पटवारी व कानूनगो हड़ताल पर रहेंगे। जब तक सरकार पटवारियों के वेतनमान की विसंगतियों को दूर नहीं करेगी, तब तक हड़ताल लघु सचिवालय के सामने जारी रहेगी। इधर, हड़ताल का असर जनता पर भी दिखाई देने लगा है। कार्यों के लिए भी तहसील पहुंचे लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी।



कुरुक्षेत्र। सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते पटवारी। फोटो : हरिभूमि

### ये हैं मांगें

पटवारियों का कहना है कि मुख्यमंत्री की ओर से जनवरी 2023 में पटवारियों का वेतन मान 25500 से 32100 करने की घोषणा की गई थी और उसकी अधिसूचना भी जारी कर दी गई थी। पटवारियों की मांग है की यह अधिसूचना 2016 से लागू की जाए, क्योंकि जो पटवारी 2016 बैच के हैं उनका वेतनमान आज 31100 है जिससे 2016 बैच को कोई फायदा नहीं मिला है और एसीपी का भी नुकसान हुआ है। एसोसिएशन वेतनमान को 2016 से नोशनली और 2023 से वास्तविक रूप से लागू करने की मांग कर रही है और कोई एरियर की मांग नहीं कर रही है।

## एटीएम कार्ड बदलकर अकाउंट से निकाले पचास हजार रुपये

हरिभूमि न्यूज >> यमुनानगर

संत थॉमस स्कूल जगाधरी के पास पीएनबी एटीएम से रुपये निकलवाने आए भंभोल निवासी सुमित का दो लोगों ने डेबिट कार्ड बदलकर खाते से 50 हजार रुपये निकाल लिए। सुमित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सात जनवरी को सुबह साढ़े दस बजे वह जगाधरी संत थॉमस स्कूल के पास पीएनबी के एटीएम से रुपये निकलवाने के लिए आया था। जब वह एटीएम बूथ के अंदर रुपये निकालने का प्रयास कर रहा था तो पीछे से दो व्यक्ति अंदर आ गए। उसने रुपये निकालने का प्रयास किया, लेकिन एटीएम से रुपये नहीं निकले। एक आरोपी ने उसे डेबिट कार्ड मशीन में लगाकर मोबाइल नंबर दर्ज करने को कहा। आरोपी ने उसे कहा कि मोबाइल नंबर भरने से भी एटीएम से रुपये निकल जाते है। आरोपी की बातों में आकर उसने बैंक खाते से लिंक मोबाइल नंबर एटीएम स्क्रीन पर दर्ज कर दिया। लेकिन फिर भी उसके खाते से रुपये नहीं निकले। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने उसे बातों में लगाकर उसका डेबिट कार्ड बदल दिया। जब वह घर पहुंचा तो उसके खाते से 50 हजार रुपये निकलने का संदेश आया।

- पुलिस ने दो अज्ञात लोगों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

## समाज में बढ़ती नशाखोरी को लेकर जताई चिंता

### राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, रामलीला कमेटियों के साथ मिलकर चलाएगा अभियान

हरिभूमि न्यूज >> अंबाला

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के तत्वावधान में सोमवार को अंबाला शहर के पीकेआर जैन स्कूल में जिला की समस्त रामलीला कमेटियों के प्रधानों कि मीटिंग ली गई। इस दौरान समाज में बढ़ते नशे को लेकर चिंता जाहिर की गई। इस मीटिंग में युवा वर्ग में बढ़ते नशें के चलन और नशें से बाहर लाने के लिए व उसका आर्थिक, सामाजिक व धार्मिक स्तर पर निर्माण करते हेतु, युवा वर्ग को मुख्य धारा में स्तर निर्माण हेतु सभी सामाजिक धार्मिक संस्थाओं से आह्वान किया गया। इस कड़ी में हर शहर, ग्राम स्तर, वार्ड स्तर व स्थानीय स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के दौरान हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो व जिला पुलिस के इकठ्ठा संयोजन में शोभा यात्रा, नमक लोटा अभियान व रामगुरुकुल गमन नाटिका के माध्यम से अभियान चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम का नेतृत्व ब्यूरो प्रमुख एवं एडीजीपी ओपी सिंह व पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, अनिल कुमार करेंगे। इस अभियान में राज्य के विभिन्न विभागों जैसे लोक संपर्क, खंड विकास, चिकित्सा, शिक्षा विभाग की भी मदद ली जाएगी। इस मीटिंग के दौरान अम्बाला जिला की विभिन्न रामलीला कमेटियों के पदाधिकारियों क ओर से भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नशा विरूद्ध बैनर, स्लोगन, शोभा यात्रा, लघु नाटिका व लोड़ा नमक अभियान का प्रारूप तैयार किया गया। इस अवसर पर अनीता सिंगला, पायल, सुशील शर्मा, सुरेंद्र, अनिल कुमार, यशपाल, राधेश्याम, डाक्टर सौरव गुप्ता व ब्यूरो के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

- नशाखोरी को लत छुड़ाकर समाज की मुख्यधारा में जोड़ने का किया जाएगा बेहद प्रयास



मीटिंग के दौरान रामलीला कमेटियों के पदाधिकारी व ब्यूरो के अधिकारी।

## एक व्यक्ति ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दी

हरिभूमि न्यूज >> पानीपत

पानीपत में मोहम्मद हासिम अंसारी मूल निवासी बिहार हाल निवासी राज नगर, पानीपत ने रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। वहीं जीआरपी ने जांच के बाद अंसारी के शव का पोस्टमार्टम करवाया और आईपीसी की धारा 174 के तहत कार्यवाही कर शव को परिजनों को सौंप दिया। मृतक के पुत्र जियाउद्दीन ने बताया कि उनके पिता मानसिक रूप से परेशान चल रहे थे। जबकि जीआरपी ने इस केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस ने दो सट्टेबाज को दबोचा

पानीपत। सीआईए टू पुलिस टीम ने गाबा फैक्टरी झंडे वाली गली में सट्टा खाईवाली कर रहे दो आरोपियों अमन निवासी गांव उग्राखेडी जिला पानीपत व शाकिर निवासी सेन कॉलोनी, जाटल रोड, पानीपत को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से दाव पर लगी 4020 रुपए की नगदी व सट्टा नंबरों की पर्ची बरामद हुई। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना पुराना औद्योगिक में गेम्बलिग एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करवाया गया है।

### आम लोगों की जानकारी के लिए मुख्य जगहों पर फ्लैक्स बोर्ड किए गए प्रदर्शित

# करनाल शहर में नगर निगम के 6 रैन बसेरे बने

हरिभूमि न्यूज >> करनाल

नगर निगम की ओर से शहर के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में बनाए गए रैन बसेरे बेघर लोगों को आश्रय देकर कड़कड़ाती ठंड से बचा रहे हैं। इनमें एक स्थाई और 5 अस्थाई रैन बसेरे हैं, जिनमें बेसहारा व्यक्ति रात गुजारते हैं। रैन बसेरे किस-किस लोकेशन पर स्थापित हैं, इसके लिए नगर निगम की ओर से शहर की विभिन्न लोकेशन पर फ्लैक्स बोर्ड भी लगाए गए हैं, ताकि बाहर से आए बेघर व्यक्ति को इनकी जानकारी मिल सके। रैन बसेरों में गर्म कम्बल, गद्दे, हीटर, पीने का पानी, शौचालय और बिजली जैसी सुविधाएं दी गई हैं। सभी रैन बसेरे अच्छी कंडीशन में रहें, इसके लिए चौकीदार की ड्यूटी भी लगाई गई है। इनकी साफ-सफाई के लिए एक-एक सफाई कर्मी की ड्यूटी भी लगाई गई है।

- रैन बसेरों में गर्म कम्बल, गद्दे, हीटर, पीने का पानी, शौचालय और बिजली जैसी सुविधाएं दी गई




आम लोगों की जानकारी के लिए मुख्य जगहों पर लगाए गए फ्लैक्स बोर्ड

### इन स्थानों पर लगाए गए बोर्ड

नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने बताया कि रैन बसेरों की जानकारी के लिए शहर की विभिन्न मुख्य जगहों पर फ्लैक्स बोर्ड प्रदर्शित किए गए हैं। ऐसे बोर्ड पुराना बस अड्डा, महर्षि वाल्मिकी चौक, सैक्टर-6 स्थित साईं बाबा मंदिर चौक, आई.टी.आई. चौक, गुरू ब्रह्मानंद चौक, मेरठ रोड स्थित ताऊ देवी लाल चौक, निर्मल कुटिया चौक, बुढाखेड़ा मंगलपुर चौक, बगवाडिया गैस एजेंसी चौक, मुगल कैनाल स्थित लेबर चौक, महाराजा अग्रसेन चौक तथा नमस्ते चौक पर बोर्ड लगाए गए हैं। निगम की ओर से रैन बसेरों की व्यवस्था की गई है। इनमें से एक शहर के प्रेम नगर में स्थाई रैन बसेरा है, जिसमें करीब 80 व्यक्तियों के ठहरने का इंतजाम है। दूसरी ओर 5 अस्थाई रैन बसेरे भी अलग-अलग जगहों पर दिए गए हैं, इनमें 4 छोटे और 1 बड़ा है। बीस व्यक्तियों की क्षमता का बड़ा अस्थाई रैन बसेरा सैक्टर-12 स्थित उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के समीप है, जबकि छोटे रैन बसेरे, कल्पना चावला राजकीय मैडिकल कॉलेज के पास, रेलवे स्टेशन, पुराने बस स्टैण्ड के पीछे टैक्सी स्टैण्ड में और मेरठ रोड चौक पर रखे गए हैं, प्रत्येक में 10 व्यक्तियों के रात गुजारने की क्षमता है। उन्होंने बताया कि अस्थाई रैन बसेरों में विश्राम करने का समय सांय 6 से प्रातः 6 बजे तक है, जबकि प्रेम नगर स्थित स्थाई रैन बसेरा पूरा दिन खुला रहता है।

### टीम का गठन किया गया

उन्होंने बताया कि बेघर व्यक्ति खुले में या फ्लाईओवर इत्यादि के नीचे न सोए, इनकी निगरानी के लिए नगरीय परियोजना अधिकारी प्रवीन चुग के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया है। यह टीम गाड़ी लेकर रात को शहर में घूमती है। इस दौरान बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन या फिर फ्लाई ओवर, कहीं भी कोई बेघर व्यक्ति दिखाई दे तो, उसे रैन बसेरो में रात गुजारने के लिए कहा जाता है। अगर कोई व्यक्ति जाने में असमर्थ हो तो उसे नजदीकी रैन बसेरे में छोड़कर भी आते हैं।

# अंकित राणा ने जीता मॉडलिंग में मिस्टर हरियाणा का खिताब

हरिभूमि न्यूज >> करनाल

कर्णनगरी के युवा मॉडल अंकित राणा ने अपने शहर का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। अंकित ने नोएडा फिल्म सिटी में आयोजित मिस्टर एशिया सुपर मॉडल 2023 प्रतियोगिता में मिस्टर हरियाणा का खिताब अपने नाम किया जिससे उनके प्रशंसकों में खुशी का माहौल है। अंकित करनाल जिला के गांव कैरवाली के रहने वाले हैं। टीवी जगत की प्रसिद्ध शख्सियत एवं जाने-माने मॉडल प्रिंस नरूला और अभिनेता एवं इंटरनेशनल मॉडल रोहित खंडेलवाल ने अंकित राणा को सम्मानित किया। इसके बाद करनाल पहुंचने पर अंकित राणा का जोरदार स्वागत किया गया। करनाल नगर निगम की मेयर रेनू बाला गुप्ता ने भी अंकित राणा को सम्मानित किया और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अंकित के पिता ओमप्रकाश राणा, एनपी सिंह प्रधान राजपूत महासभा, रणदीप राणा ज्यामलपुर, मनीष राणा सरपंच कैरवाली, सतीश राणा कैरवाली, विकास शर्मा डीए, ओमबीर राणा, जसवीर राणा, बृजपाल राणा, बसंत राणा, मनीष राणा, राजेंद्र राणा, विकास कल्याण, प्रवीण भारद्वाज, विक्की राणा, अंग्रेज सिंह, सागर शर्मा, हरवीर सिंह, कृष्णा जागलान, सुशील राणा, हर्षाय विग, कुनाल मदान, पारस गिरधर, साहिल , कृष्णा रोड, भूपेंद्र , राजेश, राय सिंह व मोनू राणा सालवन सहित अन्य मौजूद रहे।

- नोएडा फिल्म सिटी में आयोजित की गई मिस्टर एशिया सुपर मॉडल 2023 प्रतियोगिता



मॉडलिंग में मिस्टर हरियाणा का खिताब जितने पर अंकित राणा को सम्मानित करते।

**खबर संक्षेप**

### फूड प्राडक्टस 521 ब्रांड के स्टाल लगाएं

**तरावड़ी।** दुनिया मे कही भी फूडस के ट्रेड फेयर लगते है तरावड़ी के चावल एक्सपोर्टर अपनी भागीदारी जरूर निभाते है। हर साल दुबई, ईरान, इराक, भारत मे नोएडा, दिल्ली, चंडीगढ मे ट्रेड फेयर लगते है। इस बार भी नोएडा मे आज से शुरू हुये इंडस फुड मे के. एस. ओवरसीज ने अपने फुडस ब्रांड 521 के चावल व अन्य फूडस प्राडक्टस का स्टाल लगाया है। ग्रेटर नोएडा मे फूडस प्राडक्टस नाम से हर साल ट्रेड मेला लगता है। इस बार सोमवार 8 जनवरी से 10 जनवरी तक चलने वाले मेले मे तरावड़ी के कई चावल एक्सपोर्टर अपने अपने ब्रांड स्टाल लगाते हैं।

### प्रो. ब्रजेश साहनी बने अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार कुवि के अंग्रेजी विभाग के प्रोफेसर प्रो. ब्रजेश साहनी को 24 जनवरी 2024 से आगामी तीन वर्ष के लिए अंग्रेजी विभाग का अध्यक्ष बनाया गया है। लोक सम्पर्क विभाग के उप-निदेशक डॉ. दीपक राय बब्बर ने बताया कि इसके साथ ही प्रो. ब्रजेश साहनी एकेडमिक काउंसिल व फैकल्टी ऑफ आर्ट्स एंड लैंग्वेज के सदस्य होंगे व बोर्ड ऑफ स्टडीज के चेयरपर्सन भी

### 90 प्रतिशत हुआ अक्षत वितरण कार्य

**कुरुक्षेत्र।** विश्व हिंदू परिषद, संघ व अन्य संगठनों के सहयोग से चल रहा अक्षत वितरण का कार्य लगभग अंतिम दौर में है। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संरक्षक धर्म प्रचार विभाग के सुरेश जोशी ने बताया कि शहरों व गांव में लगभग 90 प्रतिशत से अधिक अक्षत वितरण का कार्य संपन्न हो चुका है। अक्षत वितरण का हमारा लक्ष्य 2 लाख तक घरों में पहुंचना था। वह समय से पहले हमारा कार्य संपन्न हो जाएगा।

### पढ़ाई के साथ खेलों में भी रुचि दिखाएं युवा

**कुरुक्षेत्र।** गांव बीड़ मथाना में जेवीजी क्रिकेट क्लब द्वारा पहली क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसके समापन पर मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे समाजसेवी एवं नेता संदीप गर्ग ने विजेता टीम को देकर सम्मानित किया।
समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि इस प्रकार की आयोजनों से आपसी भाईचारा बढ़ता है। उन्होंने कहा कि युवाओं व बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी रुचि रखनी चाहिए, ताकि वह पढ़ाई के साथ-साथ अपने शरीर का भी विकास करवा सके। उन्होंने कहा कि हम सभी को खेलों में बढ़-चढकर भाग लेना चाहिए।

### मेडिटेशन कैंप का किया आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** दयानन्द महिला महाविद्यालय में संकाय विकास परिषद् की सह संयोजिका डॉ. हिमानी तथा आंतरिक गुणवत्ता परिषद् की संयोजिका श्रीमती अंजू चावला के कुशल निर्देशन में गैर शिक्षक वर्ग के लिए भारतीय योग संस्थान के तत्वावधान में सात दिवसीय मेडिटेशन कैंप के समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य मनुष्य की दिन भर की थकावट व तनाव को कम करना तथा मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाना रहा।

---

बोले डिप्टी सीएम:चौटाला ने कहा कि बाबू बेटा अपने से बाहर नहीं सोच सकते उनका माई सेल्फ है एजेंडा

# जजपा की नव संकल्प रैली में पहुंचे दुष्यंत चौटाला के निशाने पर रहे हुड्डा पिता-पुत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा





जजपा द्वारा नई अनाज मंडी में आयोजित जिला स्तरीय नव संकल्प रैली में पहुंचे दुष्यंत चौटाला ने हुड्डा पिता पुत्र को निशाने पर लिया है।चौटाला ने कहा कि बाबू बेटा अपने से बाहर नहीं सोच सकते उनका माई सेल्फ का एजेंडा है । हरियाणा की 63 हजार एकड़ भूमि प्राइवेट बिल्डर को दी ये सुप्रीम कोर्ट में साफ हो गया है । हुड्डा राज की एक भी भर्ती ऐसी नही है जिसको कोर्ट ने स्ट्राइक डाउन नही किया है ।कांग्रेस राज मे युवाओं के साथ खिलवाड़ किया गया है। उन्होंने कहा कि कोविड और किसान आंदोलन की मार झेलने के बाद भी उद्योगपति हरियाणा में निवेश कर रहे है। चार वर्ष में 38 हजार करोड़ का निवेश आया है।सरकार की अच्छी पॉलिसी के कारण ऐसा हुआ। हमने पोर्टल के माध्यम से सरकार के काम आसान किए लेकिन हुड्डा कहते है कि पोर्टल खत्म करेगे । ये चाहते है कि बाबुशाही हावी हो ।सवा चार साल से जजपा और भाजपा दोनो पार्टियों ने मिलकर अच्छा काम किया है । गठबंधन आगे भी जारी रहेगी, ये दोनो पार्टी बैठकर निर्णय करेगी ।प्रदेश के युवाओं को इजराइल और यूक्रेन भेजने के सवाल पर दुष्यंत ने कहा कि विदेशो से उनके पास डिमांड आई है । हमारे युवा विदेश जाए ये अच्छा काम सरकार कर रही है । ईडी रेड पर दुष्यंत चौतला ने कहा कि कांग्रेस राज में खनन बंद होने के बावजूद अवैध खनन हरियाणा में हुआ । दीपेंद्र ने भाजपा जजपा पर प्रदेश की संपदा लूटने के आरोप लगाए थे जिसके जवाब में दुष्यंत चौटाला ने कांग्रेस और हुड्डा पर आरोप जड़े । उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा प्रदेश में आज छठी लोकसभा रैली करनाल में हुई है । अजय चौटाला ने पार्टी संगठन को मजबूत किया है और नए और पुराने साथी पार्टी से जुड़े है । पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय चौटाला ने कहा कि सीएम सिटी से मिशन 2024 शुरू हो गया है। इस साल लोकसभा और विधानसभा चुनाव होने हैं। संभावना यह भी है कि लोकसभा के साथ ही विधानसभा चुनाव कर दिया जाए। चुनावी हल-चल को देखते हुए जजपा भी सभी 10 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। पार्टी दोनों चुनाव लड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है।उन्होंने बताया कि जजपा अभी तक सोनीपत फरीदाबाद भिवानी महेंद्रगढ़ कुरुक्षेत्र सिरसा लोकसभा में रैली कर चुकी है।

### माँ अन्नपूर्णा आश्रम मे प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम



**तरावड़ी।** श्री हनुमान सेवा समिति का गठन 2010 में हुआ था। गठन के 4 वर्ष के बाद ही समिति के संरक्षक लाला साधूराम सिंगला, बालकिशन त्रिपाठी के मार्ग-दर्शन व हनुमान सेवा समिति की अगुवाई में 12 जुलाई, 2014 को पवित्र गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में शहर के जरूरतमंद परिवारों के लिए सांयकालीन निःशुल्क भोजन खिलाने की योजना की शुरूआत हुई थी। जिसमे शुरूआत 15-20 व्यक्ति भोजन करने के लिये आते थे। तब यह भंडारा महाबीर मन्दिर मे चलाया जाता था। अब इस भंडारे मे पिछले 9 वर्षों से चलते-चलते 250 व्यक्तियों व अनेक जरूरतमंद परिवारों तक पहुंच गया है। सभा के सभी सदस्यों ने व शहर दानियों द्वारा आश्रम बनाने के लिये जमीन खरीद कर आश्रम बनाने का शुरू किया गया।। इसके अलावा गलैक्सी ग्रुप के मालिक विनोद गोयल, राघव इंडस्ट्रीज के मालिक राकेश गर्ग, बीडी ओवरसीज के मालिक प्रवीन गर्ग, शिव शक्ति राइस एक्सपोर्टर के मालिक अमन गुप्ता, जीवी राइस मिल के मालिक विनीत बंसल रहे।

---

## महंगाई व नशे के कारोबार के खिलाफ सड़कों पर उतरी युवा कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

- नशे के बढ़ते कारोबार, महंगाई और बेरोजगारी को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया

युवा कांग्रेस ने आज शहर में जिलाध्यक्ष मनिंदर सिंह शंटी के नेतृत्व में नशे के बढ़ते कारोबार, महंगाई और बेरोजगारी को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। युवाओं ने रोष मार्च निकालते हुए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष मनिंदर सिंह शंटी ने कहा कि भाजपा सरकार की नाक तले शहर में नशे का कारोबार बढ़ता जा रहा है लेकिन सरकार इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है। सरकार ने जिन अपराधियों की प्रोप्टी तोडने का अभियान चलाया था अब वे फिर से उनका नशे का धंधा फल फूल रहा है। सीएम आवास के चारों ओर नशे का व्यापार धड़ल्ले से हो रहा है लेकिन अब इन पर कार्रवाई नहीं हो रही है। बढ़ती महंगाई से जनता बेहाल है। सरकार की मंहगाई पर कोई लगाम नहीं है। गरीब का जीना मुश्किल हो गया है। आज आम आदमी दर-दर की ठोकरे खाने को मजबूर है। आने वाले चुनावों में जनता भाजपा सरकार को सत्ता से बाहर करेगी और प्रदेश व देश में कांग्रेस की सरकार बनेगी। इस मौके पर सेवादल के शहरी जिलाध्यक्ष जागीर सैनी, महिला जिला अध्यक्ष नीलम मल्होत्रा, नरेन्द्र कुमार जोगा आधी रीना तोमर, सुमित वाल्मीकि, कर्ण वाल्मीकि, सेवादल प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष तेजान, पूर्व युवा अध्यक्ष गौरव शर्मा, गौतम शर्मा आदि रहे।

## राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप का समापन

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल



डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल मधुबन में डी ए वी नेशनल स्पोर्ट्स के अंतर्गत राष्ट्रीय बॉक्सिंग टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्तर की सभी वर्गों की प्रतियोगिताएँ 4 से 8 जनवरी तक चलीं, 4 और 5 जनवरी को लड़कियो की एवं 7 और 8 जनवरी को लड़कों की सभी वर्गों की प्रतियोगिताएँ हुईं। जिसमें रविवार को मुख्य अतिथि के रूप में डॉ वी सिंह डायरेक्टर पब्लिक स्कूल्स और संयोजक डी ए वी स्पोर्टस, डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी, और ओलंपिक खिलाड़ी दिनेश सांगवान ने शिरकत की। डीएवी सीएमसी को भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा एन एस पी ओ के रूप में मान्यता प्राप्त है। डीएवी सीएमसी को एसजीएफआई की संबद्ध इकाइयों में से एक के रूप में मान्यता प्राप्त है, जिसे भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त है । यह प्रतियोगिताएं डी ए वी संस्थाओं के प्रधान, पद्मश्री डा. पूनम सूरी के मार्गदर्शन में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए देशभर में आयोजित कराई जाती हैं। डी ए वी मधुबन में आयोजित इस राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न डी ए वी स्कूलों के राज्य स्तर पर अंडर 14, 17, 19 आयु वर्ग के विजेता खिलाड़ी बॉक्सिंग की राष्ट्रीय स्तरीय स्पर्धा में भाग ले रहे हैं। वहीं 7और 8 जनवरी को हुए लड़कों के रोमांचक मुकाबलों में 90 से अधिक स्कूलों के अलग अलग वर्गों में 350 से भी अधिक बच्चों ने भाग लिया। प्रधानाचार्य मंतोष पाल सिंह ने जम्मू, उत्तराखंड, पंजाब, झारखंड, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल आदि राज्यों से आए बच्चों के हौंसले की प्रशंसा करते हुए सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।

## वे ख़ुद 'खाते' थे हम पूरा बैंक खाते में भेजते हैं : चौहान

- असन्ध खंड के अंतिम संकल्प यात्रा कार्यक्रम में बोले भाजपा नेता

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल



करनाल। उज्जवला योजना के तहत लाभार्थियों को मुफ़्त गैस कनेक्शन वितरित करते मुख्य अतिथि डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि पूर्व की सरकारें चलाने वाले राजनेता और उनके दलाल सरकारी योजनाओं का पैसा खुल कर 'खाते' थे जबकि मोदी-मनोहर सरकार में लाभ सीधा बैंक 'खाते' में भेजती है। वे असन्ध खंड के चोरकारसा गाँव में विकसित भारत यात्रा के स्वागत में उमड़े ग्रामवासियों को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।विकसित भारत संकल्प यात्रा का कारवां चोरकारसा गाँव में आयोजित कार्यक्रम के साथ असन्ध खंड से रवाना हो गया। कार्यक्रम के अंत में सरपंच संत कुमार ने सभी अतिथियों और अधिकारियों का आभार जताया।

## लाइफ स्किल डेवलपमेंट कैंप लगाया

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| घरौंडा

राजकीय माध्यमिक विद्यालय सदरपुर में पांच दिवसीय लाइफ स्किल डेवलपमेंट कैंप के पहले दिन जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुदेश ठकराल,डीपीसी उर्वर्षी विग ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुदेश ठकराल ने कैंप के उदघाटन के अवसर पर सभी को संबोधित करते हुए बताया कि हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से प्रदेश के राजकीय स्कूलों की छात्राओ के सर्वांगीन विकास को लेकर जीवन कौशल शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य छात्राओ को विभिन्न संचालन और उनके कामकाज के विषय में जागरूक करना है। वही डीपीसी उर्वर्षि विग ने कहा कि शिविर के आयोजन को लेकर परिषद की ओर से प्रति शिविर 5000 का बजट जारी किया है।खंड संसाधन स्योजक जोगिंदर सिंह ने कैंप को लेकर सभी भाग लेने वाली 50 गर्ल्स को मोटिवेट किया , ओर कहा अलग अलग विभागो से रिस्पॉन्सिबल पर्सन हॉस्पिटल,कृषि,होल्टिकलचर,आर्ट एंड क्राफ्ट ,पोस्ट ऑफिस अपने अपने विषयो के बारे सबको जानकारी देंगे।इस अवसर पर एपीसी अंजू , ए बी आर सी विकास वर्मा , रमेश कुमार डा अर्चना, रिया नरेश कुमार,वेद पाल, डा नरेश एस एम सी प्रधान रहीशुदीन आदि मौजूद रहे।

### छात्राओं को किया मोटिवेट

खंड संसाधन स्योजक जोगिंदर सिंह ने कैंप को लेकर सभी भाग लेने वाली 50 गर्ल्स को मोटिवेट किया , ओर कहा अलग अलग विभागो से रिस्पॉन्सिबल पर्सन हॉस्पिटल,कृषि,होल्टिकलचर,आर्ट एंड क्राफ्ट ,पोस्ट ऑफिस अपने अपने विषयो के बारे सबको जानकारी देंगे।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर कुरुक्षेत्र मे होगा महा युवा सम्मेलन: योगेंद्र

- बैठक मे पार्टी के आगामी कार्य योजना को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए

**करनाल।** जिला भाजपा कार्यालय कर्ण कमल मे भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई जिसमे प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, जिला पदाधिकारी, जिला कार्यकारिणी मेंबर, मंडल अध्यक्ष, जिला मोर्चा अध्यक्ष, प्रकोष्ठ और विभाग के जिला संयोजक मौजूद रहे। उन्होंने इस बैठक मे पार्टी के आगामी कार्य योजना को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिये। जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने इस मौके पर सभी कार्यकर्ताओं को नमो एप को सभी कार्यकर्ता के फोन मे डाउनलोड करवाना, सांसद को 30000 एवं सभी विधायक को 5000 और सभी कार्यकर्ताओं को 10 ब्रांड अम्बेसडर बनाने हेतु जानकारी दी एवं सरल एप पर मन की बात के हर कार्यक्रम को अपलोड करवाना, सरल एप पर अपना डाटा अप्लोड करने बारे जरूरी दिशानिर्देश दिए। इस मौके पर सभी कार्यकर्ताओं को न्योता देते हुए बताया कि 12 जनवरी को कुरुक्षेत्र में युवाओं का एक बहुत बड़ा सम्मेलन होने जा रहा है जिसमे मुख्यमंत्री मनोहर लाल शिरकत करेंगे इसमें सभी जिलों से युवा कार्यकर्ता आएंगे ओर यह युवा सम्मेलन स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष में होने जा रहा है।

## इस बार अलग तरीके से लोहड़ी मनाएगी निफा

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल



नेशनल इंटीग्रेटेड फ़ोरम ऑफ़ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्टस (निफा) द्वारा इस बार बेटियों की लोहड़ी को एक अलग तरीक़े से मनाया जायेगा। 2006 से लगातार हर साल "लोहड़ी बेटी के नाम" कार्यक्रम का आयोजन कर अब तक 6 लाख से अधिक बेटियों की सामूहिक लोहड़ी मना चुकी सामाजिक संस्था निफा इस बार किसी एक स्थान पर लोहड़ी का त्योहार न मनाकर उन सभी अभिभावकों का उनके घर पर पहुँच कर सम्मान करेगी जिनके यहाँ पिछले एक वर्ष में बेटी ने जन्म लिया है और जो स्वयं आगे आकर अपनी बेटी के जन्म का स्वागत करते हुए उसकी पहली लोहड़ी मना रहे हैं। इस संबंध में सभी कार्यकर्ताओं की भूमिका तय करने के लिए निफा की ज़िला कार्यकारिणी की एक बैठक का आयोजन किया गया। निफा के संस्थापक अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नु ने कहा कि पहली बार तत्कालीन करनाल उपयुक्त राकेश गुप्ता के साथ मिलकर निफा ने बेटियों की लोहड़ी के रूप में मनाना शुरू किया था व निफा 17 वर्ष से इस त्योहार को बेटी बेटा एक समान का संदेश देने के लिए मना रही है। इस वर्ष हम यह देखना चाहते हैं कि इस अभियान का समाज की सोच बदलने में कोई योगदान रहा है या यह केवल हवा हवाई अभियान बनकर रह गया। इसके लिए इस बार सामूहिक लोहड़ी मनाने के स्थान पर यह देखा जाएगा कि लोग ख़ुद आगे आकर अपनी बेटियों की लोहड़ी मनाएँ। इसके लिए बड़े समारोह करने की आवश्यकता नहीं है। जिस भी परिवार में बेटी ने जनम लिया है वो अपने घर पर लोहड़ी मनाकर, मिठाई बाँट कर या किसी अन्य रूप में बेटी के जन्म का स्वागत कर इस अभियान का सहभागी बन सकता है।

---

**कार्यक्रम** जनसंवाद कर भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई

# मंगलौरा और अमृतपुर कलां पहुंची संकल्प यात्रा

- काम करने वालों और झूठ बोलने वालों में अंतर समझें- हरविंद्र कल्याण

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| घरौंडा



विकसित भारत संकल्प यात्रा आज जिला के गांव मंगलौरा, अमृतपुर कलां और नगला मेघा पहुंची। इस मौके पर घरौंडा हलका के विधायक हरविंद्र कल्याण ने लोगों से अपील की कि वे काम करने वालों और झूठे नारे देने वाले नेताओं में अंतर समझें। यह भी अनुरोध किया कि नए मकान बनवाने जैसे लंबित कार्यों के प्रति थोड़ा इंतजार करते हुए संयम रखें। आगामी तीन-चार सालों में उन सभी बीपीएल कार्ड धारकों के नए मकान बनाए जाएंगे जो इस समय खस्ता हालत में हैं। मंगलौरा में उन्होंने अमृतपुर खुर्द तक की करीब सवा दो किमी लंबी और एक करोड़ 18 लाख रुपए की लागत से बनी नई सड़क का उद्घाटन किया। नगला मेघा में बताया कि गांव में कम्यूनिटी सेंटर के अलावा श्मशान घाट की चारदीवारी के लिए 20 लाख की ग्रांट मंजूर हो चुकी है। अमृतपुर कलां में सरपंच प्रतिनिधि देवेंद्र राणा, मंगलोरा में मनजीत और नगला मेघा में सरपंच प्रतिनिधि रमेश कुमार व प्रवीण कुमार ने विधायक का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। तीनों गांवों में विधायक ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया। मंगलौरा में उन्होंने ग्रामीणों के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का लाइव संदेश भी सुना। इस मौके पर हरियाणा के विकास पर बनी लघु फिल्म दिखाई गई। अमृतपुर कला में भाजपा के जिला चुनाव संयोजक जगदीश राणा ने और नगला मेघा में धीरज खरकाली ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा दिन-प्रतिदिन लाभार्थियों में भर रही है नया जोश

- गांव ललायनी व हैबतपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

### गरीब व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए नहीं लगाने पड़ते दफ्तरों के चक्कर : कबीरपंथी

*भगवानदास कबीरपंथी ने जिला प्रशासन के अधिकारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि च्विकसित भारत संकल्प यात्राज में च्हरियाणाज प्रदेश आगे भी पहले पायदान पर बना रहे, इसके लिए अधिकारी लगातार कड़ी मेहनत और लगन से अपने कर्तव्यों का निवर्हन करते रहें। उन्होंने कहा कि सरकार की सभी योजनाएं समाज के अंतिम व वंचित व्यक्ति तक पहुंचाना अधिकारियों की जिम्मेवारी है।*

विधानसभा क्षेत्र के गांव ललायनी व हैबतपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में नीलोखेड़ी के पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। ग्रामीणों द्वारा मुख्य अतिथि व संकल्प यात्रा का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। मोदी सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा से वर्चुअल तौर पर जुड़े और उपस्थित जनता ने उनका संदेश सुना। इस मौके पर पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने कहा किपीएम मोदी के आह्वान पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा हरियाणा में 29 नवंबर को शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा दिन-प्रतिदिन लाभार्थियों में नया जोश भर रही है।

# पुलिस पर दबाव बनाने को दुकानदारों ने स्काई लार्क रोड मार्केट बंद किया, स्काईलार्क मार्केट में डेंट-पेंट के दुकानदार ज्यादा

## सलारगंज गेट से लेकर सुखदेव नगर वाले रास्ते पर जीटी रोड पर यातायात जाम जैसे हालात बने

### दुकानों की चॉबियां उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया को देने का निर्णय लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत की स्काईलार्क रोड पर स्थित मार्केट के दुकानदारों ने सोमवार दोपहर बाद अपनी दुकानें बंद कर दी और एकत्र हुए। दुकानदारों ने अतिक्रमण के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई के विरोध में अपनी दुकानों की चॉबियां उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया को देने का निर्णय लिया, लेकिन बाद में यह कार्यक्रम टाल दिया। ऐसा संभव है कि मंगलवार को भी स्काई लार्क मार्केट के दुकानदार अपनी दुकानें बंद कर उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया से मिल कर अपना पक्ष रखें।

पानीपत ट्रैफिक पुलिस स्काई लार्क रोड पर पहुंचकर एरिया से कई वाहनों को जब्त किया था। साथ ही वाहनों के चालान भी काटे थे। स्काईलार्क मार्केट में डेंट-पेंट के दुकानदार ज्यादा हैं। जिनके पास कार पार्किंग के लिए अपनी कोई जगह नहीं है। सभी अपनी दुकानों के सामने सड़क पर गाड़ी खड़ी कर डेंट-पेंट करते हैं, जिससे सड़क पर जाम लगा रहता है। दोपहर के वक्त स्कूल बसें फंसी रहती हैं। सुबह, दोपहर व शाम को स्काई लार्क मार्केट के दुकानदारों के चलते इस मार्ग पर जहां यातायात जाम जैसे हालात बने रहते है, वहीं सलारगंज गेट से लेकर सुखदेव नगर वाले रास्ते पर जीटी रोड पर यातायात जाम जैसे हालत बन जाते है। इसके चलते आवागमन करने वालों को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है।



पानीपत। स्काई लार्क रोड के दुकानदार अपनी दुकानें बंद करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### पुलिस पर दबाव बनाना चाहते है अतिक्रमणकारी

स्काई लार्क मार्केट के दुकानदारों का कहना है कि प्रशासन ने उनकी दुकानों के बाहर पीली पट्टी भी खींची हुई है, लेकिन इस तरह डर के माहौल में काम नहीं हो रहा है। वहीं यह कड़वा सच है कि दुकानदार पुलिस पर सड़क का अतिक्रमण करने का दबाव बनाना चाहते है।

### अतिक्रमणकारियों पर सख्त कार्रवाई करेगी पुलिस

डीएसपी ट्रैफिक सुरेश सैनी ने कहा कि स्काई लार्क बहुत व्यस्त मार्केट है। यहां दुकानदारों ने निर्धारित जगह के अलावा सड़कों पर भी अपना डेरा जमा लिया है। जिससे यहां स्कूल की बस, एम्बुलेंस समेत राहगीर दिनभर जाम का सामान करते हैं। तीन दिन पहले की कार्रवाई में गाड़ियां जब्त की गई हैं। चालान किए गए हैं। वहीं, चेतावनी भी दी गई थी कि अगर दुकानदार नहीं माने तो क्रिमिनल केस के तहत कार्रवाई होगी। उन्होंने साफ किया कि कोई भी कानून से बड़ा नहीं है, जो दुकानदार सडक का अतिक्रमण करेगा उपर सख्त कार्रवाई होगी।

## खबर संक्षेप

### नाराज आशा वर्कर्स प्रदर्शन करेगी

**पानीपत।** आशा वर्कर्स यूनियन संबंधित सीटू एवं सहयोग सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा जिला कमेटी की तरफ से जिला प्रधान सविता और जिला सचिव सुशीला ने संयुक्त ब्यान जारी करते हुए कहा कि आशा वर्कर्स का आंदोलन 73 दिन तक चला और हरियाणा के मुख्यमंत्री के साथ लिखित समझौता हुआ जिसका नोटिफिकेशन भी जारी हो चुका है लेकिन अब तक छह महीना की बकाया मानदेय नहीं मिला है।

### ट्यूबवेल ऑपरेटर आंदोलन करेंगे

**पानीपत।** हरियाणा पब्लिक हेल्थ ग्रामीण टयूबेवल ऑपरेटर ऑरगेनाईजेशन हरियाणा सम्बन्धित भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री संजीव बाता द्वारा जारी ब्यान में बताया गया है हम पहले कई बार विभाग व सरकार के उच्च अधिकारियों को मांग पत्र दे चुके हैं लेकिन हरियाणा सरकार व विभाग के अधिकारी कुंभकर्णी नींद सोये हुए हैं। ग्रामीण टयूबवेल कर्मचारियों की मांगों की तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा।

### स्वागत भजन आज रिलीज होगा

**पानीपत।** स्मरणीय है कि 22 जनवरी को आयोध्या में प्रभु राम पुनः विराजमान हो रहे हैं। जिसे लेकर प्रभु श्री राम जी पर एक स्वागत भजन अवध में राम विराजे रिलीज होने जा है। जिसे लिखा है पानीपत के जाने पहचाने पानीपत के कवि हरगोबिन्द झांब कमल ने और स्वर दिया है पानीपत के ही जाने पहचाने गीतकार संगीतकार राज कुमार भारद्वाज ने। जिनके भजन संस्कार टीवी और टी सीरीज पर सुने जा रहे हैं।

### यज्ञ से कैंप का शुभारंभ हुआ

**पानीपत।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बड़ौली में समग्र शिक्षा द्वारा निर्देश अनुसार पांच दिवसीय जीवन कौशल विकास शिविर की शुरूआत हवन से हुई। शिविर का संचालन गणित अध्यापक विजेंद्र सिंह की देखरेख में हुआ। हवन की शुरूआत प्रधानाचार्य एवं स्टाफ सदस्यों ने आहुति डालकर की।

### जनहितैषी है पीएम विश्वकर्मा योजना

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने कहा कि शिल्पकार व कारीगर समाज के नवनिर्माण में अपना बहुमूल्य सहयोग देते हैं। शिल्पकारों व कारीगरों के हुनर को सम्मान देते हुए केंद्र सरकार की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरूआत की गई है जिससे शिल्पकारों व कारीगरों के हुनर को नई पहचान मिलेगी।

### ग्रामीणों ने मोदी का भाषण सुना

**पानीपत।** भारत को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प को लेकर विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार को बापौली खंड के गांव भलौर में पहुंची। यात्रा का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया और विकसित भारत बनाने के संकल्प की शपथ ली।

## कैंप में छात्राओं ने विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया

# बेटियों के शिक्षित होने पर ही भारत विकसित राष्ट्र बनेगा

छात्राओं ने गांव में पौधे लगाए और पौधों की देखभाल की पर्यावरण संरक्षण प्रोजेक्ट पर कार्य करते हुए छात्राओं ने पर्यावरण जागरूकता के नारे लगाए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। देवीलाल कॉलेज की एनएसएस की स्वयंसेवी छात्राओं के साथ आर्य रणदीप कादियान। फोटो : हरिभूमि

चौधरी देवीलाल मेमोरियल कन्या पीजी महाविद्यालय गांव सिवाह में एनएसएस के सात दिवसीय कैंप में एनवायरमेंट प्रोटक्शन प्रोजेक्ट पर कार्य किया गया। कैंप की शुरूआती योगाभ्यास से की गई। इस कैंप के दौरान कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी से एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ.आनंद कुमार सात दिवसीय कैंप में पधारे और उन्होंने स्वयं सेवी छात्राओं की सरहाना की। गांव सिवाह के सरपंच आर्य रणदीप कादियान ने कहा कि भारत में आधी आबादी महिलाओं की है, वहीं भारत तभी विकसित राष्ट्र बनेगा जब हर नारी शिक्षित होगी। उन्होंने अभिभावकों से आह्वान किया कि वे अपनी बेटियों को हर हालत में शिक्षित करें और बेटों की तरह उन्हें भी विकास के अवसर उपलब्ध करवाएं। बेटियां भी परिवारों के नाम रोशन करती है। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकारों द्वारा नारी हित में चलाई जा रही योजनाओं की जमकर सरहाना करते हुए कहा कि समाज के सामर्थ व प्रबुद्ध वर्ग को प्रयास करना चाहिए कि हर बेटी पढ़े, यदि किसी परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है तो उनकी बेटी को शिक्षित करने में आर्थिक मदद दें। बेटी पढ़ती है तो दो परिवार पढते है, वहीं जिस घर में मां शिक्षित होती है वह पूरा परिवार शिक्षित होता है। वहीं कैंप के दौरान छात्राओं ने विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया, जिसमें प्लास्टिक हटाओ रैली गांव सिवाह में निकाली गई। इसके अतिरिक्त छात्राओं ने गांव में पौधे लगाए और पौधों की देखभाल की पर्यावरण संरक्षण प्रोजेक्ट पर कार्य करते हुए छात्राओं ने पर्यावरण जागरूकता के नारे लगाए। इस अवसर पर कॉलेज के महासचिव शिक्षाविद् लाभ सिंह कादियान, प्राचार्य डॉ. सुमन लता, एनएसएस ऑफिसर प्रोग्राम प्रोफेसर पूनम देव के साथ टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ

# बॉक्सरों ने पांच ब्रांच मेडल जीते

- खेल इंसान को मुक्कमल इंसान बनाता है : डॉ. अनुपम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ अनुपम अरोडा के साथ विजेता खिलाडी।

एसडी पीजी कॉलेज के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन के बल पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र की बॉक्सिंग प्रतियोगिता में एक स्वर्ण और इंटर कॉलेज जूडो एवं फेंसिंग चैंपियनशिप में पांच कांस्य पदक जीते है। प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि ये सभी खिलाड़ी समयबद्धता, धैर्य, अनुशासन और मेहनत की मिसाल है। ये गुण किसी भी खिलाड़ी के लिए उपलब्धि को प्राप्त करने के मूल मन्त्र हैं। उन्होंने बताया कि कॉलेज के बीए प्रथम वर्ष के खिलाड़ी प्रशांत ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र की बॉक्सिंग प्रतियोगिता में न सिर्फ स्वर्ण पदक पर कब्जा किया बल्कि शानदार खेल की बदौलत नार्थ जोन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भी कांस्य पदक हासिल किया। इसी तरह केयूके की इंटर कॉलेज जूडो चैंपियनशिप की महिला केटेगरी एवं 48 किलोग्राम भारवर्ग में इन्नू ने 67 किलोग्राम भारवर्ग में किरण देवी ने और पुरुषों के 81 किलोग्राम भारवर्ग में नीरज ने कांस्य पदक हासिल किए।

# हरियाणा को नशा मुक्त करने के लिए जन सहयोग जरूरी : डॉ. अशोक

- भगवान राम को जीवन में अनेक चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करना पड़ा लेकिन आदर्श मूल्यों का त्याग नहीं किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गांव नौल्था में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 53 वां कार्यक्रम आयोजित किया गया। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रभारी एसके चौहान की उपस्थिति में यह कार्यक्रम पूर्ण हुआ। डॉ. अशोक ने विद्यार्थियों को बताया कि कि जब भगवान राम को जीवन में अनेक चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करना पड़ा लेकिन आदर्श मूल्यों का त्याग नहीं किया। तभी वे मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए। इसी प्रकार प्रत्येक मनुष्य के जीवन में अनेक चुनौतियां और समस्याएं आएंगी लेकिन उनका समाधान अवसाद और नशा नहीं है। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त होगा हरियाणा, मिलकर सारे जोर लगाना। प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के लिए सभी को मिलकर सहयोग करना चाहिए।



### भाजपा सरकार ने जनता का शोषण किया : सचिन

**पानीपत।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान हरियाणा कांग्रेस व राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में हरियाणा में कांग्रेस का 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान सफलतापूर्वक चल रहा है। कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर उन्हे कांग्रेस सरकार की हितैषी नीतियों से अवगत करा रहे हैं। ये शब्द युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सचिन कुंडू ने पानीपत ग्रामीण हलके की गंगाराम कॉलोनी में 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान के तहत आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने जनता से किए क भी वादे को पूरा नहीं किया, वहीं प्रदेश सरकार की गलत नीतियों से जनता का हर वर्ग परेशान है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सिर्फ सत्ता का भोग करती है जनता की सेवा नहीं करती। प्रदेश में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, अपराध का ग्राफ तेजी से बढ रहा है। जबकि प्रदेश सरकार इन गंभीर मुद्दों पर कुंभकर्णी नींद सो रही है। इस अवसर पर पवन स्वामी, महाबीर हलवाई, महाबीर पुजारी, दरिया सिंह, प्रदीप शर्मा प्रधान, सुशील कश्यप, प्रेम कश्यप, बलविंदर जोगी, अनु कटारिया आदि उपस्थित रहे।

### शिक्षा इंसान की तरक्की की राह : सौरभ

**पानीपत।** विद्यामंदिर क्लासेज के चीफ अकेडमिक ऑफिसर सौरभ कुमार ने कहा कि शिक्षा इंसान की तरक्की की राह है। वहीं, देश का लीडिंग इंस्टीट्यूट और जेईई व नीट एग्जाम की तैयारी का हब विद्यामंदिर क्लासेज यानि वीएमसी अपना फ्लैगशिप टेस्ट कराने के लिए तैयार है।

एडमिशन और स्कॉलरशिप के लिए वीएमसी का नेशनल एडमिशन टेस्ट यानि एनएसटी इसी महीने 14 और 28 जनवरी को कराया जाएगा। ये टेस्ट ऑफलाइन व ऑनलाइन दोनों मोड में होगा। इस टेस्ट का मकसद मेधावी छात्रों को स्कॉलरशिप देना और उन्हें बेहतर स्टडी के लिए तैयार करना है। ये टेस्ट उन बच्चों के लिए बूस्टर होता है जो जेईई और नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं या करना चाहते हैं।

# सोसायटी बनाने वालों को मिलेगी आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। दी पानीपत को कोऑपरेटिव मार्केटिंग की आम सभा रेखा रावल को सम्मानित करते हुए संदीप कादियान आदि। फोटो : हरिभूमि

दी पानीपत को कोऑपरेटिव मार्किटिंग कम प्रोसेसिंग सोसाइटी लिमिटेड पानीपत की वार्षिक आम सभा नई अनाज मंडी पानीपत में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सहायक रजिस्टार कोऑपरेटिव सोसाइटी पानीपत टीएस चट्ठा रहे। समिति के मैनेजर सुरेंद्र सिंह ने समिति के आय व व्यय का ब्यौरा दिया। आम सभा में जीटी रोड स्थित कंडम गोदाम को गिराने, समिति की दुकानों का किराया बढ़ाने व दुकानदारों को सुविधा देने एवं बापौली में समिति की शाखा खोलने का भी प्रस्ताव पास किया गया। बैठक में अध्यक्ष सुमन देवी के पति संदीप कादियान, उपाध्यक्ष वेदपाल मलिक, डायरेक्टर ललित मलिक, रविंद्र कुमार, हवासिंह, कोऑपरेटिव सोसाइटी के इंस्पेक्टर बलविंद्र सिंह, चतर सिंह मलिक, चुहड़ सिंह रावल, पूर्व मैनेजर प्रवीण कुमार, रेखा रावल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। मुख्य अतिथि टीएस चट्ठा ने कहा कि सरकार हर गांव में 11 सदस्यों की सोसाइटी बनाने की योजना लाई है जिसमें 12वीं पास 11 सदस्यों को शामिल किया जाएगा। जिन्हें 20-20 हजार रुपए समिति के खाते में जमा कर करने होंगे उसके बाद सरकार उन्हें 6 लाख रुपये देगी।

### भव्य तरीके से मनाया जाएगा शौर्य दिवस

**पानीपत।** पानीपत में 14 जनवरी को मराठाओं व अफ्गानिस्तान के हमलावर अहमद शाह अब्दाली के बीच हुए पानीपत के तीसरे युद्ध की 263वीं बरसी पर शौर्य दिवस मनाया जाएगा। शौर्य स्मारक समिति ट्रस्ट, पानीपत की ओर से यह आयोजन होगा। जिसमें महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैंस, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री समेत कई बड़े नेता शिरकत करेंगे। ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप पाटिल ने कार्यक्रम की पूरी भूमिका तय कर ली है। शौर्य दिवस में सशक्त भारत परिवार, समस्त धानक मराठा समाज, पानीपत गौरव गाथा स्मृति समिति, छत्रपति शिवाजी महाराज वेलफेयर संघ, पानीपत जयदीप फाउंडेशन ट्रस्ट, मराठा सेवा संघ, हरियाणा विश्व हिंदू परिषद आदि कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।



### मोदी व मनोहर सरकारें हर वर्ग की हितैषी : राजकुमार

**समालखा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वैन सोमवार को बाद दोपहर बापौली खंड के गांव रमाल पहुंची। इस मौके पर भाजपा नेता राजकुमार काली रमन ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए उपस्थित जनसमूह को संकल्प शपथ दिलाई और उन्हें संबोधित भी किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी स्टॉलों का अवलोकन भी किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब, महिला, किसान व युवाओं को मजबूत करने के लिए अथक प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि संकल्प यात्रा ने मोदी सरकार की गारंटी की गाड़ी द्वारा वंचित पात्र लोगों को मौके पर योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। केंद्र व प्रदेश सरकार यह सुनिश्चित कर रही हैं कि कोई भी गरीब भूखा न रहे और सभी गरीबों को पक्का मकान मिले। भाजपा नेता राजकुमार कालीरमन ने कहा कि सरकार लोगों के घर द्वार पर पहुंच कर उन्हें योजनाओं का लाभ दे रही है, ताकि गरीब व्यक्तियों का जीवन स्तर सुधर सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने गरीबों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं लागू की हैं। इस मौके पर उन्होंने उज्ज्वला योजना की विभिन्न लाभार्थियों को गैस के निशुल्क कनेक्शन भी वितरित किए और उत्कृष्ट विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया। इस मौके पर नगराधीश राजेश सोनी बीडीपीओ शक्ति सिंह इत्यादि भी उपस्थित रहे।

## महिला विरूद्ध अपराध में घटना का दावा किया

# महिलाओं को हर तरह से सुरक्षा दे रही पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। पुलिस कप्तान अजीत सिंह शेखावत। फोटो :हरिभूमि

पानीपत के पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत की अगुवाई में पानीपत जिला में जागरूकता अभियान के तहत पुलिस की दुर्गाशक्ति की टीम द्वारा कॉलोनी, गांव व स्कूल, कॉलेज में छात्राओं को गुड टच बेड टच सहित महिला विरूद्ध अपराध की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही शहर में 86 हॉट स्पॉट प्वाइंट चिन्हित कर वहा पर सिविल पाश्चात में पुलिकर्मियों को तैनात किया गया है। जिसके परिणाम स्वरूप जिला में महिला विरूद्ध अपराध में वर्ष 2022 की तुलना में 2023 में 29.70 प्रतिशत की कमी आई है। वहीं आकड़ों पर नजर डाले जिला में वर्ष 2022 के दौरान छेड़छाड़ के 186 मामलें सामने आए थे 2023 में 105 मामले आए है। दुष्कर्म के वर्ष 2022 में 108 मामलें सामने आए थे 2023 में 100 मामलें आए है। पॉक्सो एक्ट के वर्ष 2022 में 134 मामले आए थे 2023 में 129 मामले आए है। इसी प्रकार दहेज प्रताड़ना के वर्ष 2022 में 384 मामले सामने आए थे 2023 में 224 मामले सामने आए है। वर्ष 2022 के दौरान महिला विरूध अपराध के कुल 807 मामलें सामने आए थे वही वर्ष 2023 में 575 मामलें सामने आए है। एसपी अजीत सिंह शेखावत ने कहा कि महिला विरूद्ध अपराध को प्राथमिकता से लेते हुए अंकुश लगाने के लिए जिला पुलिस द्वारा विशेष कदम उठाए गए है। सभी थाना प्रभारी व चौकी इंचार्जो को विशेष रूप से निर्देश दिए गए हैं कि वे महिला विरूध अपराध की शिकायत मिलने पर त्वरित कानूनी कार्रवाई अमल में लाए। इसका फिडबेक लेने के लिए कंट्रोल रूम में अलग से फिडबेक सेल बनाकर महिला पुलिस कर्मियों को तैनात किया है। सेल द्वारा पीड़ित को फोन कर प्रतिदिन फीडबैक लिया जा रहा है। महिला थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर आशा व माडल टाउन थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रेखा द्वारा अपनी टीम के साथ प्रतिदिन, कॉलोनियों व स्कूल, कॉलेज में जाकर छात्राओं को महिला विरूध अपराध के बारे सजग कर जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है। दुर्गा शक्ति की टीम स्कूल, कॉलेज व हॉट स्पॉट स्थानों पर निरंतर गश्त कर शरारती व असामाजिक तत्वों पर नजर रख रही है। 86 हॉट स्पॉट प्वाइंट चिन्हित कर वहा पर सिविल पाश्चात में पुलिकर्मियों को तैनात किया गया है।



### पर्यावरण जितना घना होगा मानवता उतनी ही सुखी होगी : प्रो. दलजीत

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज में एनएसएस यूनिट द्वारा खोतपुरा गांव में सात दिवसीय स्पेशल कैंप का दूसरा दिन का आयोजन किया गया। प्रातः कालीन सत्र में सभी स्वयंसेवकों को योगा और मेडिटेशन करवाया गया। स्वयंसेवकों द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। वहीं गांव खोतपुरा में आत्मनिर्भर भारत स्वस्थ भारत और विकसित भारत पर पूरे गांव में स्वयंसेवकों द्वारा रैली निकाली गई। प्रत्येक स्वयंसेवक ने गांव के हर घर में जाकर कम से कम पांच लोगों को नशा मुक्ति के बारे में जागरूक किया। गांव के पूर्व सरपंच विनोद संधू ने कहा कि युवा को किसी भी तरह का नशा नहीं करना चाहिए क्योंकि नशा जो हमारे स्वास्थ्य के साथ-साथ हमारे समाज को बिगाड़ देता है। दोपहर के समय में स्वंयसेवकों ने गांव के मंदिर के भंडारे में लंगर सेवा भी की। सायंकालीन सत्र में ग्रीनमैन प्रो. दलजीत द्वारा स्वयंसेवकों को पर्यावरण के बारे में अवगत करवाया गया। उन्होंने बताया कि अगर हम किसी भी अच्छे काम को करने की ठान ले तो हमें कोई भी नहीं रोक सकता। हम सबको अपने जन्मदिन के अवसर पर कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। एनएसएस अधिकारी डॉ.जोगेश ने बताया कि हमें बच्चों को हिंसा से दुर्व्यवहार और शोषण से बचाना चाहिए। डॉ. नरवीर द्वारा स्वयंसेवकों की बैडमिंटन प्रतियोगिता करवाई।

## खबर संक्षेप


बराड़ा। बेस्ट कैंपर को सम्मानित करते हुए।

### पांच छात्रों को मिला बेस्ट कैंपर का खिताब

**बराड़ा।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस कैंप का विधिवत रूप से समापन हो गया। अंतिम दिन की शुरूआत भी योग व कैंप गीत से हुई। कैंप में राज विद्या केंद्र अंबाला के कार्यकर्ता गुलजार सिंह ने बच्चों को संबोधित किया तथा विश्व शांति विश्व दूत (मानवता एवं शांति) प्रेम रावत के संदेश को स्वयंसेवाकों तक पहुंचाया। समापन समारोह में एनएसएस के जिला कोऑडिनेटर विजय कुमार पांडे ने विशेष रूप से शिरक्त की। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वच्छता एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ दिलाई।

### जीएमएन कॉलेज के यादव सम्मानित

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के डॉ. कुलदीप यादव को सीएसआईआर-नेशनल बॉटनिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट, लखनऊ, उत्तर प्रदेश मे तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान राष्ट्रीय पर्यावरण विज्ञान अकादमी, नई दिल्ली द्वारा ₹ग्रीन टेक्नोलॉजी इनोवेटिव अवॉर्ड- 2023₹ से सम्मानित किया गया है। यादव गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में वनस्पति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने एम.एससी., एम.फिल. और पीएच.डी. कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय से किया है।

### 50 बच्चों के साथ शुरू हुआ कैंप

**अंबाला।** सोमवार को पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल, की एनएसएस. इकाई का सात दिवसीय कैंप का शुभारंभ किया गया। इसे स्कूल के प्रिंसिपल डॉ.विकास कोहली द्वारा फ्लैगऑफ किया गया। इस कैंप में 50 बच्चे भाग ले रहे हैं। पहले दिन बच्चों ने कैंप का आरम्भ प्राणायाम और लक्ष्य गीत गाकर किया। फिर वॉलिंटियर्स ने स्कूल प्रागंण की साफ सफाई में योगदान दिया। स्कूल को स्वच्छ रखने का आवाहन किया I इस बार एनएसएस. कैंप की थीम आत्मनिर्भर भारत रखी गई है।

ग्रामीणों को सहयोग के लिए दिलाई शपथ

# पीएम मोदी ने लिया देश को विकसित करने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज. नारायणगढ़

जिला परिषद के चेयरमैन राजेश कुमार लाडी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रमों में लोगों को उनके घर द्वार पर सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं की जानकारी ऑनलाइन प्लेटफार्म प्रणाली के माध्यम से मिल रही है। लोगों की परिवार पहचान पत्र में त्रुटि दूर करने सहित अन्य ऑनलाइन प्लेट फार्म प्रणाली पर अपलोड सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं के लाभार्थियों के आवेदन अपलोड किए जा रहे हैं।

प्रदेश में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सोमवार को गांव हमीदपुर तथा काठेमाजरा में पहुंचने पर ग्रामवासियों ने यात्रा का भव्य स्वागत किया। उन्होंने गांव हमीदपुर में 4 लाख रूपये तथा काठेमाजरा में 4 लाख रूपये विकास कार्यों के लिए तथा एक ई-रिक्शा देने की घोषणा की। इस अवसर पर उन्होंने 2047 तक भारत को पूर्ण 'विकसित और आत्मनिर्भर' राष्ट्र बनाने की शपथ दिलवाई। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रमों में आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं हैं जिन्हें इस यात्रा के जरिए जनता के समक्ष रखा जा रहा है। एलईडी युक्त वैन में सरकार की विभिन्न योजनाओं को दिखाया गया तथा यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित अंत्योदय पर आधारित स्टॉल लगाकर आमजन को जागरूक करते हुए लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर सरपंच मायाराम, रघुबीर सिंह माजरी, सरपंच मोहन सिंह लाहा सहित ग्रामवासी तथा ग्राम पंचायत सदस्य और आस-पास के गांवों के सरपंच भी मौजूद रहे।

## कई गांवों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ भव्य अभिनंदन, ग्रामीणों को संकल्प की दी जानकारी

इसी तरह गांव टपरियां रूलदू की में विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निगरानी समिति के पूर्व चेयरमैन नरेंद्र राणा कुराली ने 2047 तक भारत को पूर्ण 'विकसित और आत्मनिर्भर' राष्ट्र बनाने की शपथ दिलवाई। उन्होंने कहा कि हमें भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करना है और गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकना है। अपनी समृद्ध विरासत पर गर्व करना है और भारत की एकता को सुदृढ़ करना और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करना है। हमें नागरिक होने का कर्तव्य निभाना है। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि जब 2047 में देश की आजादी के 100 वर्ष पूरे हों तब हमारा देश पूर्ण रूप से विकसित हो जाए। इसी उद्देश्य को लेकर गांवों और शहरों में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में आ रही एलईडी वैन प्रधानमंत्री श्री मोदी की गारंटी की संदेश वाहक है।

उन्होंने कहा कि हमें देश को विकसित बनाने में अपना योगदान देना है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की 159 ओपीडी हुई तथा 5 आयुष्मान कार्ड बनाये गये।


**नारायणगढ़।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान युवक को सम्मानित करते हुए व मुख्यअतिथि का अभिनंदन करते ग्रामीण।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान उन्होंने यहां पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान एलईडी वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री मोदी के संदेश को सुनाया गया, जिसको लोगों ने बड़े गौर से देखा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। इस अवसर पर मण्डल प्रधान रणदीप सिंह बांका सैनी, मंगूराम कंजाला, सरपंच मनजीत सिंह, मामचंद राणा कुराली तथा ग्राम पंचायत सदस्य तथा ग्रामवासी भी मौजूद रहे।

डिपो धारकों ने जमकर की नारेबाजी

# राशन डिपो धारकों ने भी सरकार के खिलाफ बजाया विरोध का बिगुल

सरकार के सामने रखी कई मांगें, विरोध प्रदर्शन के बावजूद सरकार पर मांगों को लेकर विचार न करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ़

सोमवार को राशन डिपो धारक भी सड़क पर उतर आए। पहले डिपो धारकों की मीटिंग यहां के हनुमान वाटिका में में हुई। राशन डिपो धारक की यूनियन के जिला प्रधान गुरदेव सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में डिपो धारकों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। डिपो धारकों में चेयरमैन अरूण कपूर के अतिरिक्त छावनी कमेटी के प्रधान लखमीर सिंह, हरियाणा डिपो धारक यूनियन के मुख्य सलाहकार राजेश झा, जिला उप प्रधान रवि शर्मा, शहजादपुर के प्रधान गुरचरण सैनी, बराडा के प्रधान मंजीत सिंह ने भी संबोधित किया। जिला प्रधान ने बताया कि डिपो धारक सरकार के समक्ष बार-बार अपनी मांगे रख चुके हैं। अब मजबूर होकर डिपो धारक पूरे प्रदेश में अपनी मांगों को लेकर 15 जनवरी तक हड़ताल पर हैं। उन्होंने सरकार से डिपो धारकों की मांगें तुरन्त मानने की मांग की है। प्रधान ने कहा कि यदि सरकार ने जायज मांगों को नहीं माना तो आंदोलन को आगे बढाया जाएगा। उन्होंने कहा कि डिपो धारकों की मुख्य मांगों में लाईसेंस प्रणाली के तहत आयु सीमा की शर्त को हटाया जाना, डिपो धारक को संविदा कर्मचारी घोषित करना, मशीनों को बदलना चाहिए ताकि 5 जी नेटवर्क वाली मशीन में अंगूठा लगाते समय लोगों को परेशानी न हो, 60 वर्ष की आयु के बाद भी डिपो चलाने की अनुमति देना व अपने रिश्तेदार को डिपो स्थानांतरित करने की अनुमति देना, कमीशन बढाना, मानदेय 35 हजार रूपये मासिक करना, 20 हजार रूपये मासिक पेंशन देना, एक डिपो में पात्र परिवारों की संख्या 300 से बढाकर 1200 परिवार करना, डिपो के लिए प्रतिभूति राशि घटाकर एक हजार रूपये करना, डिपो लाईसेंस आजीवन लागू करना, कोरोना के दौरान जान गंवाने वाले डिपो धारकों के परिजनों को डिपो आबंटित करना व 50 हजार रूपये मुआवजा देना, बीपीएल की पात्रता में लाल डोरा मकान की पात्रता शर्त को हटाया जाना, सरकार के अन्य कर्मचारियों की तर्ज पर स्वास्थ्य सुविधाएं व अन्य लाभ देना तथा केंद्र व राज्य सरकार द्वारा घाषित


**नारायणगढ़।** बैठक में प्रदर्शन करते डिपो धारक।

### ये रहे मौजूद

मौके पर उप प्रधान रवि शर्मा, गुरदेव सिंह, लखमीर सिंह, तिलक राज भंडारी, गुरचरण सैनी, मंजीत सिंह व राजेश झा सहित भारी संख्या में डिपो धारक मौजूद थे।

# पुलिस का रोटी बैंक रोज 500 लोगों का भर रहा है पेट, छवि सुधारने को हुई थी शुरूआत

हरिभूमि न्यूज. अंबाला

■ कई सामाजिक लोगों के साथ पुलिस के जवान भी बैंक में करते हैं आर्थिक सहयोग

पुलिस की ओर से चलाए जा रहे रोटी बैंक को एक साल पूरा होने जा रहा है। महज 200 पैकेटों के साथ शुरू हुए इस रोटी बैंक के जरिए अब रोज पुलिस 500 लोगों क पेट भर रही है। रोटी बैंक की स्थापना तत्कालीन एडीजीपी श्रीकांत जाधव ने की थी। रोटी बैंक शुरू करने का मकसद पुलिस की छवि में व्यापक सुधार की एक पहल से जुड़ा है। रोटी बैंक को चलाने में दानी सज्जनों के साथ पुलिस के जवान भी सहयोग करते हैं। रोटी बैंक में दोपहर को खाना बनाकर जरूरतमंदों तक पहुंचाया जाता है। रोटी बैंक के इंचार्ज सब इंस्पेक्टर अजय कुमार हरनाल ने बताया कि एडीजीपी श्रीकांत जाधव ने पहला रोटी बैंक करनाल में मात्र 40 पैकेट वितरण के प्रयास के साथ शुरू किया था। अब करनाल व अंबला के अलावा कुरुक्षेत्र, गुरुग्राम, भिवानी व हिसार में भी चल रहा है। रोटी बैंक में सोमवार को काबुली चने व चावल, मंगलवार को मीठे चावल व हलवा, बुधवार को कड़ी पकौड़ा व चावल, वीरवार को घीया व चने की दाल और चावल, शुक्रवार को राजमा व चावल व शनिवार को उड़द व चने की दाल के साथ चावल रहते हैं। कई बार शेड्यूल बदल भी जाता है। भोजन तैयार होने के बाद मरदो साहिब के सुखविंद्र सिंह से दान में ही मिली ई-रिक्शा के माध्यम से उन प्वाइंट पर लेकर जाते हैं जहां जरूरतमंद होते हैं। संस्थाओं को साथ जोड़ा पुलिस का रोटी बैंक उन संस्थाओं को भी साथ जोड़ रहा है जो समाज में ऐसे प्रयास कर रही हैं। संस्थाओं को भंडारा वितरण के लिए आमंत्रित किया जाता है।

### विज ने दिए दस लाख रुपये

**अंबाला।** गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सारे देश को आत्मनिर्भर बनाना चाहते हैं। वे ऐसी योजनाएं लेकर आ रहे हैं कि हम आत्मनिर्भर बने। एक अप्रैल से लुईस ब्रैल भवन में दृष्टिहीनों को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य प्रारंभ किया है जोकि काबिले तारीफ है। विज दोपहर दशहरा ग्राउंड के समक्ष लुईस ब्रैल भवन में नेशनल फेडरेशन ऑफ ब्लाइंड द्वारा लुईस ब्रैल की जयंती के उपलक्ष्य पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि संबोधन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि दृष्टिहीनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जो योगदान फेडरेशन द्वारा उनसे मांगा गया है उसके लिए वह 10 लाख रुपए अपने स्वैच्छिक कोष से उन्हें प्रदान करते हैं।



**बराड़ा।** कैप्शन समापन समारोह में भाग लेते हुए प्रतिभागी।

## एनएसएस शिविर के आखिरी दिन छात्रों ने स्कूल का परिसर किया साफ

**बराड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थंबड में चल रहे एनएसएस कैंप समाप्त हो गया। आखिरी दिन की शुरूआत योग व गायत्री मंत्र के साथ हुई। इसके बाद सभी स्वयंसेवक ने मिलकर कैंपस की साफ-सफाई के कार्य को किया। कैंप के समापन समारोह में जिला कोऑडिनेटर विजय कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरक्त की। प्रिंसिपल मनभावनी भल्ला ने फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। कैंप के समापन समारोह में स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। विजय कुमार ने अपने संबोधन में बच्चों को आत्मनिर्भर बनने के बारे में प्रेरित किया। उन्होंने कैंप के दौरान बच्चों के द्वारा किए गए कार्यों की भी प्रशंसा की। इस दौरान कैंप में बेहतर कार्य करने वाले स्वंयसेवकों सम्मानित भी किया गया।

# एसडी कॉलेज में आयोजित होगा गणतंत्र दिवस समारोह, एसडीएम ने तैयारियों के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज. अंबाला

एसडीएम अंबाला छावनी लक्षित सरीन ने सोमवार को उपमंडल स्तर के सभी विभागों के अधिकारियों गणतंत्र दिवस समारोह के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कहा कि एसडी कॉलेज अंबाला छावनी में उपमंडल स्तरीय गणतंतत्र दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह को मनाने के लिए सभी प्रकार की तैयारियां अभी से ही शुरू कर दें। उन्होंने बताया कि तहसीलदार गणतंत्र दिवस समारोह के ओवरऑल इंचार्ज होंगे। 24 जनवरी को फाइनल रिहर्सल होगी। स्वास्थ्य विभाग से आए अधिकारी को निर्देश दिये कि वे समारोह स्थल पर डाक्टरों की टीम व एंबुलेंस की व्यवस्था भी सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों को सफाई व्यवस्था, बिजली निगम को बिजली व्यवस्था, बाल विकास परियोजना अधिकारी रंगौली, पुलिस विभाग यातायात व अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।


**अंबाला।** गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर अधिकारियों को जरुरी निर्देश देते एसडीएम।

**ये रहे मौजूदः** इस अवसर पर नायब तहसीलदार जसवंत, नायब तहसीलदार अमित वर्मा, बीडीपीओ किन्नी गुप्ता, ईओ नगर परिषद जरनैल सिंह, सीडीपीओ सुमन बाला, बीईओ अंबाला छावनी सुदेश, एटीओ सुरेंद्र सिंह, सचिव मार्केटिंग बोर्ड नीरज भारद्वाज, जिला सैनिक बोर्ड से रमेश कुमार, जिला खेल अधिकारी राम निवास, एएफएसओ हरजीत सिंह संधू भी मौजूद थे।


**बराड़ा।** समापन समारोह के अवसर पर स्कूल स्टाफ व विद्यार्थी।

## एनएसएस के जरिए समाजिक सेवा से जुड़ सकते हैं छात्र

हरिभूमि न्यूज. बराड़ा

एनएसएस समाज में नैतिक मूल्यों की स्थापना का अच्छा आधार है। ये बात जिला एनएसएस कॉऑर्डीनेटर विजय कुमार ने पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उगाला में एनएसएस कैंप के समापन समारोह पर कहे। उन्होनें ने संबोधन में कहा कि स्कूली जीवन से ही समाजसेवा में जुडने का माध्यम एनएसएस है। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी संदीप कुमार ने कैंप में किए गए कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट पेश की। इस मौके पर मंजू रानी , शमशेर सिंह व धर्मवीर उपस्थित रहे।

## सिलाई का परीक्षण लेने वाली महिलाएं हुई सम्मानित

■ सिलाई मशीन के साथ मिला सर्टिफिकेट

हरिभूमि न्यूज. अंबाला

पंडित केदारनाथ शर्मा अस्पताल व चेरिटेबल ट्रस्ट एवं रोटरी क्लब अंबाला सेंट्रल द्वारा हुमांयूपुर में चलाए जा रहे सिलाई केंद्र पर परीक्षण ले रही महिलाओ को कोर्स पूरा होने पर सर्टिफिकेट वितरित किए गए। इस अवसर पर मेयर शक्तिरानी शर्मा मुख्यातिथि के तौर पर मौजूद रही। उन्होंने कोर्स करने वाली महिलाओं को सर्टिफिकेट वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान उन महिलाओं को सिलाई मशीनें भी ट्रस्ट की तरफ से दी गई, जिन्होंने कोर्स के दौरान 90 प्रतिशत से ज्यादा हाजिरी लगाई है। शर्मा ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए यह सिलाई सेंटर चलाए जा रहे हैं। उन्हें बेहद खुशी हुई जब महिलाओं ने बताया कि वह इस प्रोग्राम में अपने द्वारा सिलाई किए गए कपड़ों को पहनकर आई हैं। इस दौरान महिलाओं ने ब्यूटीपॉर्लर व अन्य कोर्स करने की इच्छा जताई है। शर्मा ने कहा कि वह प्रयास करेगी कि महिलाओं को वह कोर्स भी उपलब्ध करवाए जा सके,। रोटरी क्लब से आए वीके शर्मा ने कहा कि शर्मा परिवार ने राजनीति से ऊपर उठकर समाजसेवा के काम में हमेशा आगे रहा है। अभी तक पं. केदारनाथ शर्मा अस्पताल व चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से करीब 6 सिलाई सेंटर चलाए जा रहे हैं। इनमें महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने में मदद की जा रही है।


**अंबाला।** सिलाई सेंटर में कोर्स पूरा करने वाली महिलाएं सर्टिफिकेट के साथ।


**बराड़ा।** बच्चों के द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए प्रिंसिपल व अन्य।

## मस्ती शिविर में बच्चों को सिखाई गई कई कलाएं, छात्रों ने भी खूब लुत्फ उठाया

**बराड़ा।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल उगाला में जीवन कौशल विकास संग मस्ती शिविर विधिवित रूप से समाप्त हो गया। 4 से 8 जनवरी तक चले इस कैंप में बच्चों ने व्यर्थ वस्तुओं के माध्यम से विभिन्न वस्तुओं का निर्माण करना सीखा। इसके अलावा इस कैंप में सलाद को अनेक तरीकों से काटने, सजावट सहित लगाने, प्राथमिक सहायता देने, आपातकाल में अपनी व दूसरों की मदद करना, स्वास्थ्य वर्धक नुस्खे, परिवार व समाज में ऑर्गेनिक वस्तुओं को बढ़ावा देने बारे, गत्ते, बुकरम से विभिन्न तस्वीरों को जिंदादिली देना, दक्षिण भारत की कला को अपने हाथों से बनाकर तस्वीरों के माध्यम से छटा बिखेरना, ग्रीटिंग कार्ड फ्लोटिंग कैंडल,फैब्रिक पेंटिंग, क्ले म्यूरल्स, टिशू पेपर से तस्वीरों का सुंदर निर्माण करना इत्यादि सिखाया गया। गाँव की सरपंच बबिता रानी, एसएमसी प्रधान संजीव कुमार, शिव कुमार वीटी, प्राध्यापक प्रवीण कुमारी,एबीआरसी सुशील कुमार ने बच्चों द्वारा लगाई प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

कार्रवाई से पहले डीटीपी की ओर से कॉलोनाइजर को नोटिस दिया गया

# गैरकानूनी तरीके से आबाद हो रही कॉलोनी ढहाई

हरिभूमि न्यूज. अंबाला

कुराली गांव में गैरकानूनी तरीके से आबाद हो रही एक अवैध कॉलोनी में हुए निर्माण जिला नगर योजनाकार के अतिक्रमण विरोधी दस्ते ने ढहा दिए। यहां नियमों को ताक पर रखकर यह कॉलोनी काटी गई थी। कार्रवाई से पहले डीटीपी की ओर से कॉलोनाइजर को नोटिस दिया गया। पर उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इसी आधार पर तोड़फोड़ करने की कार्रवाई करनी पड़ी।

कार्रवाई के दौरान यहां जांच टीम ने कच्ची मिटटी की सडक़ों के जाल, इंटर लोकिंग टाइल रोड़, सीवरेज, पानी सप्लाई, 2 निर्माण तथा पार्क की चार दिवारी को अर्थ-मुविंग मशीन द्वारा पूर्ण रूप से ध्वस्त कर दिया गया। मौके पर डयूटी मजिस्ट्रेट कम जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान, सहायक नगर योजनाकार राजेश कुमार, कनिष्ठ अभियंता अभिषेक, कनिष्ठ अभियंता गुरजिंद्र व भारी पुलिस बल के साथ मौका पर उपस्थित रहे। जांच टीम ने बताया कि कुछ समय पहले ही प्रॉपर्टी डीलर ने लोगों को सस्ते प्लाट देने का लालच देकर यह कॉलोनी काटी थी। पता चला है कि कॉलोनी काटने के बाद उसने काफी प्लाट बेचकर यहां निर्माण कार्य भी करवा दिया था।

तभी इसकी भनक डीटीपी को लग गई। मौके का मुआयना करने के बाद कॉलोनाइजर के खिलाफ कार्रवाई तय की गई। डीटीपी रोहित चौहान ने लोगों से अपील की कि वे ऐसी किसी भी कॉलोनी में प्लाट की खरीद फरोख्त न करें। ये कॉलोनियों पूरी तरह से गैरकानूनी हैं। इसक लिए प्रॉपर्टी डीलर प्रशासन की ओर से कोई परमिशन नहीं लेते। उन्होंने कहा कि ऐसी कॉलोनियों में निर्माण पूरा तरह से गैरकानूनी है। ऐसी कॉलोनियां काटने वालों के खिलाफ केस दर्ज किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा रिहायशी जोन में दीन दयाल जन आवास योजना के तहत 5 एकड़ में रिहायशी कालोनी विकसित करने हेतू पॉलिसी जारी की हुई है। इसमें ईडीसी के चार्जेस न के बराबर हैं। उन्होंने कॉलोनाइजरों से भी वैध कॉलोनी काटने का आग्रह किया ताकि व्यवस्थित ढंग से शहर को बसाया जा सके।


**अंबाला।** अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ करते जेसीबी।